74वें स्वतंत्रता दिवस पर वीडियो संबोधन

- भारत के 74वें स्वतंत्रता दिवस पर सभी देशवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनायें।
- आजादी के इस पावन पर्व के दिन हम उन स्वतंत्रता सेनानियों का स्मरण करते हैं, जिनके प्रयास, परिश्रम, त्याग और बलिदान से हमें स्वतंत्रता की सुबह देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। आज हम स्मरण करते हैं महात्मा गाँधी और सरदार पटेल जैसे महापुरुषों का, जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन को सक्षम और सबल नेतृत्व प्रदान किया। आज के दिन हम याद कर रहे हैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद और उन अनगिनत क्रांतिकारियों का, जिनके सर्वोच्च बलिदान से पूरा देश विदेशी शासन से लड़ने के लिए प्रेरित हुआ।
- आज का दिन उन वीर जवानों को भी स्मरण करने का है जो हमारी स्वतंत्रता की रक्षा के प्रण के साथ हमारी सीमाओं पर डटे हैं और अपना सर्वस्व अर्पित करने के लिए सदैव तत्पर हैं।
- आज इस अवसर पर हमें स्मरण रखना होगा कि देश की रक्षा का दायित्व हम सबका है, एक एक भारतवासी का है। एक नागरिक के रूप में हम सबका यह प्रथम कर्त्तव्य होना चाहिए कि हम अपने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को हर कीमत पर सुरक्षित और कायम रखें।
- यद्यपि हमारी स्वतंत्रता के 73 वर्ष हुए हैं, पर भारतवर्ष एक प्राचीन राष्ट्र है, एक पुरातन सभ्यता है। हमारी संस्कृति का प्रवाह हजारों वर्षों से अविरल चला आ रहा है। वेद से वर्तमान तक, उपनिषद से उपग्रह तक हमारी लम्बी सांस्कृतिक यात्रा रही है।
- यही कारण है कि हमारा स्वतंत्रता संग्राम हमारे प्राचीन शाश्वत एवं सनातन मूल्यों को केन्द्र में रखकर लड़ा गया और आज से 7 दशक पूर्व जब देश आजाद हुआ, तब हमें सिर्फ विदेशी हुकूमत से ही आजादी नहीं मिली, बल्कि अपनी मजबूत विरासत के कारण हम एक नवीन लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में विश्व पटल पर स्थापित हुए।
- स्वतंत्रता प्राप्ति से लेकर अब तक की हमारी यात्रा अनेक उतार चढावों से भरी रही है। इसके बावजूद हम आगे बढ़ते और प्रगति करते रहे हैं। आज हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र ही नहीं हैं बल्कि आर्थिक विकास और सामाजिक विकास के सभी मानदंडों पर हमारा प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। हमारी अर्थव्यवस्था और सुदृढ़ हुई है, आर्थिक असमानता कम हुई है और हम सभी भारतीयों को खाद्य सुरक्षा, आय सुरक्षा और स्वास्थ्य सुरक्षा देने में सफल रहे हैं। शिक्षा का अधिकार और सूचना के अधिकारों ने प्रजातंत्र और प्रशासन को सशक्त तथा और अधिक पारदर्शी बनाने में सहायता की है।
- सूचना क्रांति ने कई क्षेत्रों में आमूल चूल परिवर्तन लाए हैं। परंतु प्रगति की यह यात्रा अभी समाप्त नहीं हुई है, यह अनवरत चलती रहेगी और पंक्ति के आखिरी छोर पर खड़े व्यक्तियों के कल्याण के लिए कार्य करती रहेगी।

○ मेरे प्यारे देशवासियों, आज सिर्फ हमारा देश ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व कोरोना महामारी से जूझ रहा है। संकट की इस घड़ी में माननीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर पूरा देश एकजुट होकर इस आपदा से संघर्ष कर रहा है।

○ मुझे पूरा विश्वास है कि सरकार के सकारात्मक प्रयासों एवं आप सभी देशवासियों के सामूहिक संकल्प और इच्छाशक्ति के बल पर हम इस संकट पर शीघ्र ही निर्णायक विजय प्राप्त करेंगे।

○ मुझे गर्व है अपने देशवासियों पर कि जब जब भी देश पर कोई गंभीर विपदा आई है या किसी भी बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा है, समस्त देशवासियों ने एकजुट होकर राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ उसका मुकाबला किया है एवं उस पर विजय प्राप्त की है।

○ आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मैं आप सबसे अपील करता हूं कि आप अपने दिलों में देश प्रेम, सामाजिक समरसता और एकजुटता की यही भावना बनाए रखें। आइये, हम सब मिलकर एक सशक्त, समर्थ और श्रेष्ठ भारतवर्ष के निर्माण की शपथ लें।

● इस सुअवसर पर मैं पुनः समस्त देशवासियों को बधाई देता हूँ एवं उनके स्वस्थ, समृद्ध एवं सुखी जीवन के लिए शुभकामनाएं देता हूं। जय हिन्द।